Dainik Bhaskar Dated 15th Jan 2018

आईआईएम के कॉम्पिटीशन में शामिल हुए 50 आंत्रप्रेन्योर

50 यंग आंत्रप्रेन्योर्स ने प्रजेंट किए स्टार्टअप थॉट्स और आइडियाज

सिटी रिपोर्टर | रायपुर

आईआईएम में आंत्रप्रेन्योरशिप कॉम्पिटीशन रखा गया। इसमें छत्तीसगढ़ के कई शहरों से आए इन्वेस्टर्स, इन्क्यूबेटर्स और एक्सीलरेटर्स से मिलकर बनी ज्यूरी के सामने पार्टिसिपेंट्स ने अपने-अपने स्टार्टअप प्रजेंट किए। कॉम्पिटीशन में शहर के 50 से अधिक स्टार्टअप थॉट्स को शामिल किया गया। इनमें 10 स्टार्टअप शॉर्ट लिस्ट हुए। किया। ज्यूरी में देशभर के कई एक्सपर्ट शामिल हुए। इनमें नेहा टंडन, अंशुल दवे, सतीश प्रेमचंदानी, मनीष अग्रवाल, मनीष मोहता, आशुतोष त्रिपाठी, अरुण पेट्रो आदि थे। स्टार्टअप फंक्शनल डोमेन से संबंधित थे जैसे- एजुकेशन और एजुकेशन टेक्निक, ड्रोन टेक्नोलॉजी, हेल्थटेक, बिल्डिंग सॉल्यूशंस, हाइपरलोकल ग्रॉसरीज सौर ऊर्जा और एनालिटिक्स एंड टेक। प्रत्येक टीम को अपने स्टार्टअप थॉट प्रजेंट करने के लिए 5 मिनट का समय दिया गया।